साक्षरता चौक तथा सम्राट चौक के सौंदर्यीकरण को लेकर तैयार की जा रही है प्लानिंग, महापौर नीरज पाल और निगमायुक्त रोहित व्यास ने निरीक्षण कर लिया जायजा

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत लगातार विकास तथा सौंदर्यीकरण के कार्य हो रहे हैं। चौक-चौराहों में सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। हाल ही में सुपेला चौक के सात अजूबा तथा सिविक सेंटर के अर्जुन रथ परिसर का सौंदर्यीकरण किया गया है। धरोहर को सहेजने का काम भिलाई निगम के द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा शहर के मुख्य स्थानों पर वर्टिकल गार्डन भी बनाए जा रहे हैं। विकास की इसी दिशा में साक्षरता चौक और सम्राट अशोक चौक जोकि नेशनल हाईवे के किनारे से लगा हुआ है इसके भी सौंदर्यीकरण करने की प्लानिंग की जा रही है। इसके लिए आज महापौर नीरज पाल तथा निगम आयुक्त रोहित व्यास ने स्पॉट निरीक्षण कर जायजा लिया। किस प्रकार से इस चौक का कायाकल्प किया जा सकता है इसको लेकर अधिकारियों के साथ प्लानिंग की। बता दें कि तीन दर्शन मंदिर के समीप स्थित साक्षरता चौक और डबरा पारा में स्थित सम्राट अशोक चौक प्रमुख चौक में आता है, इसकी खूबसूरती तथा रौनक को कैसे लौटाई जा सकती है इस पर आज महापौर एवं आयुक्त ने अधिकारियों के साथ मौके पर लंबी चर्चा की। चर्चा के अनुरूप अधिकारियों के द्वारा इसकी कार्ययोजना तैयार की जाएगी। निरीक्षण के दौरान प्रमुख रूप से शिवाजी नगर के जोन अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, मदर टेरेसा नगर के जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, शिवाजी नगर खुर्सीपार के जोन आयुक्त येशा लहरें, कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े, सहायक अभियंता अनिल सिंह तथा उप अभियंता अर्पित बंजारे आदि मौके पर मौजूद रहे।